अतिमहत्वपूर्ण/आज ही

संख्या : 1332/आठ-5-24-04ई/2016

प्रेषक,

अरूण कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
विकास प्राधिकरण,
उरई, अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, सहारनपुर,
रायबरेली, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, हापुड़-पिलखुवा,
मेरठ, कानपुर, अलीगढ़, बस्ती, गोरखपुर, प्रयागराज,
उन्नांव-शुक्लागंज, फिरोजाबाद-शिकोहाबाद,
मथुरा-वृन्दावन, मुरादाबाद एवं बागपत-बड़ौत-खेकड़ा।

O.S.D(7)

सचिव
24/8/2024

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक 23 अगस्त, 2024

विषयः-उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा के अवर अभियन्तागण (सिविल) द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड सम्पत्ति का विवरण उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त शासन के पत्र संख्या-1297/आठ-5-24-04ई/2016, दिनांक 14.08.2024 **(छायाप्रति संलग्न)** का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा के कतिपय अवर अभियन्तागण (सिविल) द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड किये गये सम्पत्ति के विवरण की सूचना शासन को **02 दिवस** में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं, किन्तु वॉछित सूचना अब तक अप्राप्त है।

2- उल्लेखनीय है कि कार्मिक विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-9/2023/418/सामान्य/सैतालीस-का-4-2023, दिनांक 18.08.2023 एवं तत्क्रम में निर्गत संख्या-267/सैतालीस-का-5-2024-(1838120), दिनांक 17.08.2024 **(छायाप्रतियॉ संलग्न)** द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर कर्मचारियों द्वारा चल-अचल सम्पत्ति का विवरण दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया कार्मिक विभाग के उपरोक्त शासनादेशों के आलोक में संदर्भगत पत्र दिनांक 14.08.2024 में अंकित अवर अभियन्तागण (सिविल) द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर वर्ष 2023 के सापेक्ष दर्ज की गयी चल-अचल सम्पत्ति के विवरण की सूचना शासन को **आज ही** उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रकरण महत्वपूर्ण है, अतएव समयबद्धता विशेष रूप से अपेक्षित है।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

Arun Kumar

(अरूण कुमार)
अनु सचिव।